आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 37 लखनऊ, शनिवार 07 जनवरी 2023 से 13 जनवरी 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## यूपी में राहुल की यात्रा से हलचल, अखिलेश यादव और मायावती ने यात्रा के उद्देश्य की तारीफ की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ४८ घंटे से थोड़ा ज्यादा समय रही और उसके बाद हरियाणा में प्रवेश कर गई। तीन जनवरी की शाम को राहुल की यात्रा गाजियाबाद पहुंची थी और पांच जनवरी की शाम को हरियाणा पहुंच गई। लेकिन इन ४८ घंटों में जितनी हलचल हुई और जितने तरह के राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं वैसा पूरे चार महीने की यात्रा में नहीं हुआ। किसी को अंदाजा नहीं था कि राहुल देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की सीमा को छूकर निकलेंगे और इतनी हलचल मच जाएगी। उत्तर प्रदेश के ७५ जिले हैं, जिनमें से सिर्फ तीन जिलों में राहुल की यात्रा गई और ४०३ विध ाानसभा सीटों में से सिर्फ ११ क्षेत्रों से गुजरी है। लेकिन इतने भर से राहुल की यात्रा को पूरा महत्व मिला है और कांग्रेस नेता उम्मीद कर रहे हैं कि इसका मैसेज पूरे प्रदेश में जाएगा। प्रदेश की दोनों विपक्षी पार्टियों– सपा और बसपा ने कांग्रेस के न्योते पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। हालांकि दोनों पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल नहीं हुए लेकिन अखिलेश यादव और मायावती दोनों ने यात्रा के उद्देश्य की तारीफ की और शुभकामना दी। राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी सहयोगी सपा से अलग न सिर्फ शुभकामना संदेश दिया, बल्कि उसके नेता और कार्यकर्ता



यात्रा में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन के नेता और कार्यकर्ता भी राहुल के साथ यात्रा में जुड़े। ध्यान रहे राहुल और कांग्रेस पार्टी दोनों ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया था। उसके बाद पहली बार राहुल किसान आंदोलन का केंद्र रहे क्षेत्र से गुजरे, जहां किसानों ने उनका स्वागत और समर्थन किया। कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे हैरान करने वाला घटनाक्रम यह रहा है कि दो बड़े हिंदुवादी शख्सियतों ने उनकी यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। पहले राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिट्ठी लिख कर राहुल की यात्रा का समर्थन किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामना दी। उसके बाद विश्व हिंदू परिषद के बड़े नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल गांधी का समर्थन किया और शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें कि उनकी यात्रा सफल हो। चंपत राय ने राहुल की यात्रा को देशहित में बताया। सोचें, एक तरफ राहुल गांधी लगाकार राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ पर हमले कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर संघ के बड़े नेता ने उनका समर्थन किया। दूसरे, भारतीय जनता पार्टी के नेता सवाल उठा रहे हैं कि देश टूटा कहा हैं, जो राहुल गांधी देश जोड़ने की यात्रा कर रहे हैं। लेकिन आरएसएस और विहिप के बड़े पदाधिकारी ने उनकी भारत जोड़ो यात्रा को देशहित में बताया और प्रेम व सद्भाव के लिए जरूरी बताया। जाहिर है आखिरी चरण तक आते आते राहुल गांधी की यात्रा असर छोड़ने लगी है।

## जयराम ठाकुर को जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



जयराम ठाकुर को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना की। सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा, "देवभूमि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माता कांगड़ा देवी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य एवं सुयशपूर्ण जीवन की प्रार्थना है। उल्लेखनीय है कि श्री जयराम ठाकुर का हिमाचल प्रदेश के मंडी में छह जनवरी १९६५ को जन्म हुआ था। वह वर्तमान में सराज विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक है।

## यूपी में ठंड का कहर जारी रहेगा

लखनऊ। यूपी में कड़ाके की ठंड लगातार जारी है। बढ़ती गलन और शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित किया है। फिलहाल अभी कुछ दिन और ठंड राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। गुरुवार को भी गलन भरी हवाएं चलीं। प्रयागराज समेत कई जिलों में धूप नहीं निकली, जिसके चलते ठिठुरन बनी रही। कई जगह दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। बीते दिन जहां नजीबाबाद में दिन सबसे ठंडा रहा। वहीं, झांसी में रात सबसे ठंडी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले तीन–चार दिनों पर ठंड का प्रकोप ऐसा ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी प्रदेश में घने कोहरे के साथ कोल्ड–डे कंडीशन सक्रिय रहने की बात कही है। अगले २४ घंटे तक ज्यादातर हिस्सों में ऐसी स्थिति बनी रहेगी। जबकि ८ और नौ को कुछ इलाकों में राहत मिलने के आसार हैं। अगले २४ घंटे तक पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने से अत्यधिक घने कोहरे की संभावना है. कई जगहों पर तामपान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। जिससे अन्य दिनों की तुलना में ज्यादा ठंडा रहेगी। मौसम के जानकारों के मुताबिक



झांसी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का तापमान ३.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ फतेहपुर–नजीबाबाद (४.० डिग्री), कानपुर नगर (४.४), अयोध्या–मुजफ्फरनगर (४.५) और वाराणसी में न्यूनतम तापमान ५ डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज किया गया। आठ जनवरी तक कोल्ड–डे व अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी मौसम विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को प्रदेश के लिए जारी की गई चेतावनी में घने कोहरे के साथ कोल्ड–डे कंडीशन सक्रिय रहने की बात कही है। ७ जनवरी तक ज्यादातर शहरों में ऐसा रहेगा, जबकि ८ और नौ को कुछ इलाकों में राहत मिलने के आसार हैं।

## शाईन सिटी के सीएमडी के खिलाफ सीबीआई ने जारी किया रेड कॉर्नर नोटिस

लखनऊ। शाईन सिटी के निदेशक राशिद नसीम के खिलाफ ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) के सिफारिस पर सीबीआई ने रेड कर्नर नोटिस जारी कर किया। बता दें कि राशिद नसीम पर करोड़ों रुपए के घोटले का आरोपी है। राशिद नसीम प्लाट और विभिन्न लुभावनी योजनाओं के नाम पर तमाम लोगों से ६० हजार करोड़ की ठगी के आरोपित है। राशिद के खिलाफ सिर्फ गोमतीनगर कोतवाली में ही ४०० से अधिक ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। ठगी के शिकार लोग १० लाख से अधिकइन पर दर्ज हैं मुकदमे दोनों ठग भाई समेत कंपनी के ५० से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।

## भारत में फिर बढ़े कोरोना केस

नई दिल्ली। भारत में शुक्रवार को कोरोना के नए मामलों में एकदम से बड़ा उछाल आया है। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अब और भी सर्तक हो गया है। राजस्थान में भी कोरोना के मामले अचानक से बढ़े हैं और राजधानी जयपुर में बीते दिन ११ नए पजिटिव सामने आए हैं। कोरोना ने पहले से ही चीन और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में फैलते हुए हाहाकार मचा रखा हैं। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए कोरोना के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना के २२८ नए मामले दर्ज किए गए है। जिसके बाद देश में सक्रिय मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। बता दें कि, भारत में पिछले तीन दिनों में कोरोना मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते दिन यानि ५ जनवरी को कोरोना के १८८ नए मामले सामने आए थे। जबकि, ४ जनवरी को १७५ और ३ जनवरी को १३४ नए मामले दर्ज किए गए थे। आज बड़ी संख्या में नए मामलों के मिलने के बाद देश में सक्रिय मामलों की संख्या २,५०३ हो गई है। वहीं, देश में पिछले २४ घंटों में २७५ कोरोना मरीजों ने कोरोना को मात दी है और ठीक हुए हैं। ऐसे में देश में अब तक कुल ४,४१,४६,३३० कोरोना संक्रमित ठीक हो चुके है। इसके साथ ही रिकवरी रेट ९८.८ फीसदी है और सक्रिय मामले ०.०१ प्रतिशत हैं। वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में पिछले २४ घंटे में १,९९,७३१ टेस्ट किए गए हैं। जिसके बाद कुल ९१.१७ करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं। इसके अलावा कोरोना से जंग में पिछले २४ घंटे में ४६,४५० कोरोना वैक्सीन की खुराक दी गईं है। जिसके बाद अबतक देशभर में कोरोना वैक्सीन की कुल २२०.१२ करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

## थाना कृष्णानगर क्षेत्र के होटल इंपीरियो ग्रैंड में लगी आग, 4 कर्मचारी घायल

लखनऊ। राजधानी के एक होटल में कई धमाके होने की खबर है। इन धमाकों में होटल स्टाफ के चार कर्मचारी घायल हुए हैं जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राजध ाानी के ष्णानगर इलाके में स्थित होटल इम्पेरिया ग्रैंड के किचन और बार में एक के बाद एक कई धमाके हुए। ये धमाके किचन में गैस की पाइपलाइन मरम्मत के दौरान हुए हैं। धमाकों से जगह–जगह टाइल्स टूट गयी और फर्श को भी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार इन धमाकों की जद में आने से होटल के स्टाफ के चार सदस्य जख्मी हुए हैं। घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। होटल के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

# सम्पादकीय

## यह लंबा रास्ता है।

भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यह सवाल उठा कि क्या राहुल गांधी का यह प्रयास विपक्षी दलों को एक साथ लाने में कामयाब हो सकेगा। यह सवाल को खास बल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कि एक टिप्पणी से मिला, जिसमें उन्होंने यात्रा में शामिल होने से इनकार करते हुए कांग्रेस और भाजपा को एक जैसी पार्टी बता दिया। हालांकि बाद में यात्रा में शामिल होने के आमंत्रण का जवाब भेजते हुए उन्होंने यात्रा को अपनी शुभकामनाएं दीं। ऐसी शुभकामना मायावती ने भी दी। इसके बावजूद चुनावी समीकरणों की दृष्टि में उलझे मीडियाकर्मियों की चर्चा में यह सवाल बना हुआ है कि क्या इस यात्रा से अगले चुनावों में कांग्रेस या कुल विपक्ष की संभावनाएं बेहतर होंगी। इस सवाल के बारे में यह बात लगभग भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ऐसा नहीं होगा। और कम से कम राहुल गांधी को इस बारे में कोई भ्रम नहीं है। ३१ दिसंबर की अपनी प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने फिर दो टूक कहा कि टैक्टिकल–पलिटिकल प्रयासों से भाजपा–आरएसएस को हराना फिलहाल संभव नहीं रह गया है। तो फिर भारत जोड़ो यात्रा किसलिए है? अगर इसके पिछले चार महीने के अनुभवों पर गौर करें, तो यह साफ होता है कि इससे भारतीय राजनीति में जारी गतिरोध टूटा है। इससे आज के हालात के असंतुष्ट और असहमत उन लोगों को सामने आने का एक मौका मिला है, जो अपना दम घूंटता महसूस कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश के दिन पूर्व प्रमुख एएस दुलत का इसमें शामिल होना बताता है कि इस तरह के लोग उस एक ऐसे द्वार की तलाश में हैं, जिससे वे अपनी कल्पना के भारत को वापस हासिल करने के लिए अपने बंद दायरे से बाहर आ सकें। राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी महंत सत्येंद्र दास की राहुल गांधी को लिखी गई चिट्ठी भी ऐसी ही भावना का संकेत देती है। इस रूप में भारत जोड़ो यात्रा ने विपक्षी स्वरों को जोड़ना शुरू किया है। लेकिन यह लंबा रास्ता है।

# हर हांथ को काम- हर व्यक्ति के चहरे पर मुस्कान लाना सरकार का लक्ष्य व ध्येयः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने विकास खण्ड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत रायपुर नेरूआ में आयोजित ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं के सम्बन्ध में लगाये गये



स्टालों पर जाकर लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी सम्बन्धित विभागों से ली। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम चौपाल में लगाए गए स्टालों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा लोगों को बताया कि लोगों की समस्याओं को सुनने एवं योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार स्वयं आपके दरवाजे पर चलकर आयी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव में अन्तिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ लेने से वंचित न रहें, लोगों का उत्थान एवं विकास हो सके। उपमुख्यमंत्री ने इसी दौरान बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन कर बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आयोजित ग्राम चौपाल में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास आदि लाभ परक योजनाओं से गरीब व किसानों को लाभ दिलाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों की हितेषी है जो सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास मूलमंत्र को लेकर सभी के सुख समृद्धि विकास के साथ ही प्रदेश का चौमुखी विकास की ओर बढ़ रही है। गांव की समस्या का–गांव में ही समाधान हो, इसलिए गांव, गरीब के द्वार पर सरकार चल कर जा रही है,इसी कड़ी में आज यहां ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। इसी तरह आज पूरे प्रदेश में ग्राम चौपालो का आयोजन किया जा रहा है। कहा ,गांव और गरीबों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसान हितों को सर्वोपरि रखा जायेगा। हर हांथ को काम– हर व्यक्ति के चहरे पर मुस्कान लाना सरकार का लक्ष्य व ध्येय है,और इस दिशा में बहुत ही उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यो का निरीक्षण किया तथा निर्माणाधीन ओपेन जिम में आशोक के वृक्षा को लगाकर वृक्षारोपण भी किया। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपाल में आए हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तत्काल प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। उपमुख्यमंत्री आयोजित ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र दिया। बीसी सखी को साड़ी वितरण किया तथा विद्युत सखी को बिजली बिल कनेक्शन हेतु विद्युत डिवाइस का वितरण किया तथा यूपी स्टेट में १० किलो मीटर रेस में करन मिश्रा एवं ०५ किलो मीटर रेस में शिवा सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# एन. सी. आर. समेत समस्त सीमावर्ती जनपदों पर रखी गयी चौकसी

लखनऊ। संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव, आबकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के आदेश तथा मा. आबकारी मंत्री श्री नितिन अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अवैध शराब के निर्माण बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में क्रिसमस एवं नव वर्ष के दृष्टिगत दिनांक २१दिसम्बर, २०२२ से ०५ जनवरी, २०२३ तक अवैध शराब के निर्माण, विक्री एवं तस्करी के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान में अवैध शराब के विरुद्ध निरन्तर छापेमारी के लिये राजस्व प्रशासन पुलिस तथा आबकारी की संयुक्त टीमें गठित की गई। अभियान में जी.एस.टी. परिवहन विभाग का भी सहयोग लिया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी कर लाये जाने वाले मंदिरा के पकड धकड़ के लिये टीमों द्वारा संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी के साथ–साथ विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गो तथा लिंक मार्गों तथा इसके अतिरिक्त हरियाणा तथा दिल्ली के वार्डर पर जनपद एवं प्रवर्तन के टीमों के साथ सघन चेकिंग कराई गई। ईंट–भट्ठों, आर.ओ. प्लांट पुराने खंडहर तथा एकांत स्थित गोदामों, ढाबों एवं पेंट की दुकानों पर भी विभाग द्वारा विशेष निगरानी रखी गई। इसी क्रम में श्री सेंथिल पांडियन सी, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध कुल ३४,७५६ छापे डाले गये। इन छापों में विभाग द्वारा ४,१७३ मुकदमें पंजीकृत किये गये, जिसके अन्तर्गत लगभग १.०६ लाख ब.ली. अवैध शराब की बरामदगी की गयी। अवैध शराब के कारोबार में संलग्न १४०३ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के साथ–साथ आई.पी.सी. की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करायी गई। अभियान में लगभग २,८०.१२८ ६७ कि.ग्रा. महुआ लहन की बरामदगी की गई जिसे मौके पर नष्ट किया गया साथ ही शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये गये तथा कई भट्ठियां मौके पर तोड़ी गई। अभियान के दौरान तस्करी के प्रयोग में लाये गये १५ वाहन भी जब्त किये गये। विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा महत्वपूर्ण कामयाबी दर्ज की गई। इसके अन्तर्गत जनपद इटावा में एक कन्टेनर से ३६८ पेटी अवैध विदेशी मदिरा



बरामद करते हुए थाना इकदिल में मुकदमा दर्ज कराया गया। जनपद मुरादाबाद में एक ट्रक से ४५० पेटी अवैध विदेशी मदिरा फार सेल इन पंजाब ओनली तथा वाराणसी जनपद के चोला पुर थाना अंतर्गत ४६८ बोतल कैप्टन ब्लू ब्रांड की ७४४ अद्धा ब्लू स्टोक ब्रांड के १३४४ पौधे पार्टी स्पेशल ब्रांड के चंडीगढ़ में बिक्री हेतु अनुमन्य विदेशी मदिरा बरामद करते हुए सम्बन्धित थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया। गाजियाबाद में १०० पाँवे सभी हरियाणा राज्य में विक्रय हेतु अनुमन्य बरामद करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध थाना साहिबाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर में एक वाहन से कुल १५ पेटियों में कुल ६७२ पौव्वा क्रेजी रोमियो ब्रांड का अवैध विदेशी शराब व ५० पौवा संतरा ब्राण्ड का अवैध देशी शराब बरामद करते हुए संबंधित थाने में अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसी प्रकार मुरादाबाद, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर तथा गाजियाबाद में रोड चेकिंग के दौरान आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गैर प्रान्त की लगभग १२,००० बोतलें विदेशी मंदिरा की पकड़ी गई जिनका बाजारू मूल्य लगभग ७० लाख रुपये है। इन सभी प्रकरणों में आबकारी एवं आई.पी.सी. की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत संबंधित मुदकमा पंजीकृत कराया गया। जनपद सिद्धार्थनगर में दबिश के दौरान एक व्यक्ति के पास से ६० शीशी नेपाली देशी शराब बरामद की गयी। बरामद नेपाली शराब को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी दुकानों की चेकिंग के दौरान जनपद भदोही में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा देशी शराब दुकान असनांव बाजार के औचक निरीक्षण करने पर दुकान से एक बोरी में १४४ शीशी बिना बार कोड तथा नकली शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किये ये दुकान पर उपलब्ध वैध एवं अवैध मदिरा तथा अन्य उपकरण को कब्जे में लेकर दुकान के विक्रेता तथा अनुज्ञापी के विरुद्ध थाना ज्ञानपुर भदोही में आबकारी अधिनियम एवं आई.पी. सी. की सुसंगत धाराओं में एफ.आई. आर. दर्ज कराते हुए दुकान के लाइसेंस के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी आयुक्त द्वारा बताया गया कि आबकारी की टीमें लगातार दुकानों की गहन चेकिंग कर रही है। मंदिरा की गुणवत्ता के साथ छेड़छाड़ करने वाले तथा राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी अनुज्ञापी तथा विक्रेता को बख्शा नहीं जाएगा उनके विरुद्ध कड़ी से कही कार्यवाही की जायेगी। उनके द्वारा यह बताया गया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, तस्करी के विरुद्ध विभाग की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# यू०पी० बोर्ड १२वीं की प्रयोगात्मक परीक्षा का शेड्यूल जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। परिषद के मुताबिक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं २१ जनवरी से ५ फरवरी तक होंगी, जबकि १०वीं व १२वीं की प्री—बोर्ड परीक्षाएं १६ से २० जनवरी के बीच होंगी। इस संबंध में परिषद के सचिव दिव्य कांत शुक्ला ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दे दिए हैं। बोर्ड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, पहले चरण का प्रैक्टिकल एग्जाम २१ से फरवरी २८ जनवरी तक दूसरे चरण का एग्जाम २६ जनवरी से ५ फरवरी के बीच आयोजित होगा। बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला की ओर से जारी सूचना के अनुसार, प्रथम चरण के प्रैक्टिकल एग्जाम २१ जनवरी से होंगे। जिसमें आगरा मंडल, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती मंडल के जिलों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित होंगी। यह परीक्षा २८ जनवरी तक इन जिलों में पूर्ण करा ली जाएंगी, वहीं २६ जनवरी से दूसरे चरण की परीक्षा होगी, जिसमें अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर मंडल के जिले शामिल होंगे। यह परीक्षा ५ फरवरी तक आयोजित



कराना होगा। उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संबंध में सभी जानकारियां तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं की शुचिता को बनाए रखने के उद्देश्य से प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित कराई जाएंगी तथा उसकी संपूर्ण रिकॉर्डिंग डीवीआर में सुरक्षित रखनी होगी जिसे मांगे जाने पर परिषद को उपलब्ध कराना होगा। सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रोजेक्ट आध ारित परीाा के अंक एवं नैतिक, योग, खेल, शारीरिक शिक्षा के ग्रेड तथा इंटरमीडिएट के प्राप्तांक विद्यालयों के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट **www-upmsp-edu-in** पर २५ जनवरी तक अनलाइन अपलोड करने होंगे। वहीं सचिव की ओर से प्री बोर्ड परीक्षाओं के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सचिव दिव्यकांत शुक्ला की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र २०२२—२३ के कक्षा १०—१२ की प्री—बोर्ड की लिखित परीक्षा १६ से २६ जनवरी के मध्य आयोजित कराई जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के माध्यमिक शिक्षा विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्देश भेज दिए गए हैं। इसके साथ ही अपने स्तर पर १०वीं और १२वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन कराकर उसकी सूचना बोर्ड को भेजनी होगी।

# २२ साल पुराने मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने मुख्तार को किया तलब, दर्ज होंगे बयान

लखनऊ। बाहुबली मुख्तार अंसारी की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। बांदा जेल में बंद मुख्तार पर यूपी में कई मुकदमे चल रहे हैं। वहीं अब एक मुकदमें में एमपीएमएलए कोर्ट ने उसे बयान दर्ज कराने को लेकर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार ये मामला लखनऊ जेल में हुई मारपीट से जुड़ा है। इस मामले की एफआईआर साल २००० में राजधानी के आलमबाग थाने में दर्ज कराई गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार साल २००० में लखनऊ जेल में बंद मुख्तार



अंसारी पर आरोप लगा था कि उसने अपने चार साथियों के साथ पेशी से वापिस आते हुए एक कैदी की बुरी तरह पिटाई की थी। इसमें उसका सहयोग चार और कैदियों ने किया। पिटने वाले कैदी को बचने के लिए पहुंचे जेलर और डिप्टी जेलर को मुख्तार ने धमकी देते हुए कहा था कि तुम लोग कल का सूरज नहीं देखोगे। इस पूरे मामले में २६ मार्च साल २००० को मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़ितों की गवाही दर्ज हो चुकी है और अब मुख्तार अंसारी को गवाही दर्ज कराने के लिए १३ जनवरी को एमपीएमएलए कोर्ट ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# हत्या के आरोपी रोहित कुमार आजीवन को कारावास की सजा

लखनऊ। महिला द्वारा सम्बंध बनाने से इंकार करने पर उसके पति की हत्या करने के आरोपी रोहित कुमार व मिंटू उर्फ अमरेश कुमार को भ्रष्टाचार निवारण



अधिनियम की विशेष न्यायाधीश सोमप्रभा मिश्रा ने आजीवन कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया है। अदालत के समक्ष सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि इस मामले की रिपोर्ट कठौता पुरवा वास्तु खंड थाना विभूति खंड के रहने वाले मोलहे राम लोध ने २२ जून २०१७ को थाना नगराम में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वादी का लड़का संतोष कुमार घर पर लाइट एंड साउंड की दुकान करता था तथा उसी दुकान पर कठौता पुरवा का ही रहने वाला आरोपी रोहित कुमार भी मजदूरी करता था, दुकान पर काम करने के दौरान आरोपी का वादी के घर आना जाना हो गया तथा वह वादी की बहू व उसकी सम्पत्ति पर बुरी नजर रखने लगा। कहा गया कि घर आने जाने के दौरान वह वादी की बहू के साथ छेड़छाड़ करता था तथा दबाव बनाता था कि वह अपने पति संतोष को छोड़कर उससे शादी कर ले। आरोप है कि महिला के इनकार करने पर आरोपी ने उसके पति संतोष कुमार की हत्या करने व सबक सिखाने की ध ामकी दी थी। सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि इसी रंजिश को लेकर २२ जून २०१७ को जब वादी का पुत्र संतोष कुमार मोटर साइकिल से कुवहारा थाना नगराम के रहने वाले राजेंद्र कोरी के साथ लखनऊ लौट रहा था तभी रसूलपुर गांव के पहले करीब साढ़े तीन बजे शाम को नीले रंग की मोटर साइकिल पर सवार रोहित कुमार ने अपने साथी के साथ गोली मारकर संतोष कुमार की हत्या कर दी। मामला गम्भीर होने के कारण सर्वोच्च न्यायालय ने छह महीने में सुनवाई करने का आदेश भी दिया था।

# अमित शाह के बाद अब चंपत राय ने किया ऐलान- जनवरी २०२४ में श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएगा राम मंदिर

लखनऊ। अयोध्या में अगले साल एक जनवरी तक राम मंदिर तैयार होने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा के एक दिन बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने शुक्रवार को दोहराया कि मंदिर का निर्माण समय पर पूरा होगा और २०२४ के जनवरी महीने में इसे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। बता दें कि त्रिपुरा के सबरूम में बृहस्पतिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था, ''राहुल बाबा, सबरूम से सुन लीजिए कि एक जनवरी, २०२४ को अयोध्या में एक विशाल राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा।'' अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्रबंधन के लिए गठित ट्रस्ट के पदाधिकारी राय ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है और यह २०२४ में बनकर तैयार हो जाएगा। ट्रस्ट के सचिव राय ने कहा, ''अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है और २०२३ के अंत तक मूल गर्भगृह का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''हमने दिसंबर २०२३ में मंदिर के निर्माण की समयसीमा तय की है और जनवरी, २०२४ से इसे भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा।''

# लखनऊ शिफ्ट नहीं होगा उच्च शिक्षा निदेशालय

लखनऊ। प्रयागराज स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय लखनऊ शिफ्ट नहीं होगा। शुक्रवार को इस संबंध ा में प्रदेश सरकार के विशेष सचिव अखिलेश कुमार मिश्र ने पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि निदेशालय को लखनऊ में स्थापित करने कोई भी निर्णय किसी भी स्तर पर नहीं किया गया है। विशेष सचिव के पत्र को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी शुक्रवार को ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि प्रयागराज से उच्च शिक्षा निदेशालय लखनऊ स्थानांतरित नहीं होगा। गलत आदेश जारी करने की जांच भी होगी।

# ओम श्री गनपति सेवा सामाजिक संस्था ने छोटे बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

लखनऊ। आज सेक्टर १२ बी वृन्दावन के पास ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए कई गरीब व



असहाय छोटे बच्चों को ओम श्री गनपति सेवा सामाजिक संस्था के माध्यम से गरम वस्त्र का वितरण किया गया। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता व रंगकर्मी नितेश कुमार ने बच्चों को ठंड से बचने के उपाय भी बताए और बिना किसी काम के ठंड में बच्चों को घर से बाहर निकलने के लिए मना किया इस अवसर पर इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष मनीषा शाह, शौरभ शाह उपस्थित थे।

# स्पा पार्लरों पर चलेगा पारा कोतवाल का डन्डा

लखनऊ। योगी सरकार एवं उच्च अधिकारियों के निर्देशन का पूर्णतया पालन कर रहे प्रभारी निरीक्षक



पारा तेज बहादुर सिंह ने क्षेत्र में हनुमंत टाइल्स के पास अवैध स्पा पार्लर के नाम पर चल रहे देह व्यापार के धंधे पर लगाम लगाई संचालक मैनेजर को बुलाकर लगाई फटकार तुरंत बंद होना चाहिए धंधा अपने क्षेत्र में गलत गतिविधियां बर्दाश्त नहीं वरना सब को डाल दूंगा हवालात में.मैं अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की अराजकता अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं करूंगा पारा कोतवाल का प्रशंसनीय कार्य राजधानी के तमाम क्षेत्रों में चल रहा है अवैध स्पा पार्लर सभी अधि ाकारियों को लगानी चाहिए लगाम।

# सीएम योगी ने कांग्रेस की ‘नीयत’ पर सवाल उठाए


लखनऊ। राहुल गांधी की अगुवाई में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को अयोध्या के संतों का आशीर्वाद मिला है लेकिन यूपी के सीएम योगी ने कांग्रेस की ‘नीयतश’ पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुंबई में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में किसी को भी कार्यक्रम आयोजित करने की आजादी है और हमें हर किसी की भावना का सम्मान करना चाहिए। भारत जोड़ो यात्रा पर योगी ने कहा कि सवाल है कि इसे लेकर उनकी महत्वाकांक्षा और मंशा क्या है? अगर आप जोड़ने की बात करते हैं तो वह आपके काम और बयानों में भी झलकना चाहिए। सीएम योगी से पहले अयोध्या के संत सत्येंद्र दास से लेकर विहिप के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि



तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तारीफ की थी। चंपत राय ने तो यह भी कह दिया था कि प्रधानमंत्री से लेकर संघ तक, किसी ने भी यात्रा की आलोचना नहीं की है। इन सबके बीच योगी आदित्यनाथ ने भी भारत जोड़ो यात्रा की भावनाओं का सम्मान करने जैसा बयान दिया है। मुंबई में योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर कहा कि सभी को कार्यक्रम आयोजित करने की आजादी है और हमें लोगों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए लेकिन सवाल यह है कि उनकी (राहुल गांधी) की मंशा और महत्वाकांक्षा क्या है? अगर आप जोड़ने की बात कर रहे हैं तो यह आपके काम और बयानों झलकना चाहिए।

# हल्द्वानी में नहीं चलेगा बुलडोजर

नई दिल्ली। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कथित तौर पर रेलवे की जमीन पर बनी बस्ती पर फिलहाल बुलडोजर नहीं चलेगा। इस बस्ती को खाली कराने के हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के फैसले पर रोक लगाते हुए नोटिस जारी कर रेलवे और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने इस पर रोक लगाते हुए कई सवाल भी उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है– आप सिर्फ सात दिनों में खाली करने के लिए कैसे कह सकते हैं? हमें कोई प्रैक्टिकल समाधान ढूंढना होगा। समाधान का ये यह तरीका नहीं है। जमीन की प्रेति, अधिकारों की प्रेति, मालिकाना हक की प्रेति आदि से उत्पन्न होने वाले कई कोण हैं, जिनकी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उस जमीन पर आगे के निर्माण कार्य और विकास कार्य पर रोक लगा दी है। सात फरवरी को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अभय एस ओक की बेंच ने इस केस की सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं की ओर से कॉलिन गोंजाल्विस ने बहस की। उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश के बारे में बताया और कहा कि ये भी साफ



नहीं है कि ये जमीन रेलवे की है। हाई कोर्ट के आदेश में भी कहा गया है कि ये राज्य सरकार की जमीन है। इस फैसले से हजारों लोग प्रभावित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे की ओर से पेश अतिरिक्त सलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से जमीन की प्रेति के बारे में भी पूछा। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा– आप केवल सात दिनों का समय दे रहे हैं और कह रहे हैं कि खाली करो। ये मानवीय मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से भी पूछा कि लोग ५० सालों से रह रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिए भी कोई योजना होनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने सरकार से कहा कि भले ही यह आपकी जमीन हो, कुछ लोगों ने कहा है कि वो १९४७ से पहले से हैं। उन्होंने लीज पर जमीन ली और मकान बनाए, किसी ने नीलामी में खरीदा, उनका क्या होगा। विकास की अनुमति दी जानी चाहिए लेकिन लोग इतने लंबे समय तक रुके रहे तो पुनर्वास की अनुमति दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने कथित तौर पर रेलवे की २६ एकड़ जमीन पर बनी बस्ती को खाली करने का आदेश दिया था। इस बस्ती में चार हजार से ज्यादा घरों में रह रहे लोग तब से फैसले का विरोध कर रहे हैं। इस विवादित क्षेत्र लोगों को घरों के अलावा चार सरकारी स्कूल, ११ निजी स्कूल, एक बैंक, दो ओवरहेड पानी के टैंक, १० मस्जिद और चार मंदिर हैं।

# दिल्ली एक्सीडेंट मामले में पुलिस का नया खुलासा


नई दिल्ली। दिल्ली में कार सवारों द्वारा एक स्कूटी को ठोकर मारने और स्कूटी सवार युवती को १२ किलोमीटक तक घसीटने के मामले में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को नए खुलासे किए। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी पांच नहीं, बल्कि सात हैं। दो नए आरोपी आशुतोष और अंकुश खन्ना की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दूसरा खुलासा यह किया कि आरोपियों का मृतक लड़की अंजलि और उसकी दोस्त निधि के साथ पुराना कनेक्शन नहीं है। इस बीच दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने पांच आरोपियों की पुलिस हिरासत चार दिन के लिए बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा ने बताया कि जो नए आरोपी हैं उनमें से एक आरोपी का भाई अमित है। वहीं गाड़ी चला रहा था। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। उसे बचाने के लिए ही दीपक का नाम आगे किया गया।



गौरतलब है कि पहले कहा गया था कि दीपक गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पता था कि लड़की कार के नीचे फंसी है। इसके बाद भी वे गाड़ी चलाते रहे। पुलिस के मुताबिक हादसा ३१ दिसंबर की रात को दो बजकर चार मिनट से दो बज कर छह मिनट के बीच हुआ। पुलिस को अंजलि का मोबाइल अभी तक नहीं मिल पाया है। इस बीच दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा है कि कंझावला मामले में सीबीआई जांच हो। बहरहाल, आगे की जांच में पुलिस आरोपियों की बैक रूट मैपिंग करेगी। इससे यह जानने की कोशिश होगी कि उस रात क्या हुआ होगा और आरोपियों ने क्या किया होगा। बुधवार की देर रात पुलिस अधिकारियों की एक हाई लेवल मीटिंग भी हुई। पुलिस पांचों आरोपियों का लाई डिटेक्टर टेस्ट करवा सकती है वह इसके लिए कोर्ट से अनुमति मांगेगी।

# भारत में मिले ओमिक्रन के ११ सब वेरिएंट, ऐसे चला पता

नई दिल्ली। चीन से निकल कर एक बार फिर से दुनिया भर में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच भारत से भी बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। चीन में कोरोना कोहराम के बाद भारत सरकार भी अलर्ट हो गई और बाहर से आने वाले



यात्रियों की विशेष निगरानी शुरू की गई। जिसके लिए एयरपोर्ट और बंदरगाहों पर कोरोना जांच शुरू की गई थी। ऐसे में बाहर से आए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच में कोरोना के सबसे खतरनाक वेरिएंट ओमिक्रॉन के ११ सब–वेरिएंट्स के मिलने की पुष्टि हुई है। इसको लेकर गृह मंत्रालय पूरी तरह से अलर्ट है। सूत्रों के अनुसार, भारत में २४ दिसंबर से लेकर ४ जनवरी २०२३ के बीच में कुल १६,२२७ अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की स्क्रीनिंग की गई है। इस दौरान विदेश से आने वाले १२४ यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिन्हें आइसोलेट किया गया है। इन मरीजों की जांच में ११ वेरिएंट्स के मिलने की पुष्टि हुई है, जिसमें तेजी से दुनिया भर में फैल रहा एक्सबीबी वेरिएंट भी मौजूद है। बाहर से आने वाले यात्रियों में एक्सबीबी वेरिएंट मिलने से स्वास्थ्य विभाग में चिंता जरूर है। लेकिन गनमीत ये है कि अभी तक इन ११ वेरिएंट्स में से किसी भी वेरिएंट का खास असर देखने को नहीं मिला है और इसका सबसे बड़ा कारण भारत की वैक्सीन है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि, इन सभी वेरिएंट पर भारतीय टीकों ने बेहद संतोषजनक कार्य किया है। जिसके चलते देश में फिलहाल नई वैक्सीन की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि, चीन, जापान समेत अमेरिकी देशों में कोरोना ने इस वक्त कोहराम मचा रखा है। भारत में भले ही अभी कोरोना की ऐसे खतरनाक स्थिति नहीं दिख रही है, लेकिन, अब एक्सबीबी वेरिएंट के मामलों में ६५ परसेंट का इजाफा देखा गया है। ऐसे भारत में भी लोगों को अभी सावधान रहने की पूरी जरूरत है।

# ऊर्जा मंत्री ए०के० शर्मा ने आज रूफटॉप सोलर नेट बिलिंग का किया शुभारंभ

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए०के० शर्मा ने राज्य में रूफटॉप सोलर लगाने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी और रूफटॉप सोलर नेट बिलिंग की आज शक्ति भवन में शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने



कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण की शुद्धता और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है और इसके लिए नई सौर ऊर्जा नीति लाई है। ऊर्जा मंत्री श्री ए०के० शर्मा ने कहा कि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत एवं नॉन थार्मल एनर्जी का उपयोग आज बहुत आवश्यक हो गया है। हमारे प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन की असीम सम्भावनाएं हैं। इसी के दृष्टिगत प्रदेश में २२ गीगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य इस नीति के तहत निर्धारित किया गया है। इसमें से ०४ गीगावाट या ४००० मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन रूफटॉप सोलर पावर से किया जाना है। प्रदेश के सरकारी संस्थानों, कामर्शियल, वाणिज्यिक एवं इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में तथा बड़े उपभोक्ता सौर ऊर्जा के उत्पादन के प्रति अपनी रूचि दिखायी है। रूफटॉप नेट बिलिंग की नीति को कामर्शियल एवं इन्डस्ट्रियल रूफटॉप सोलर पावर में लागू किया गया है। इस व्यवस्था को अब पूरी मजबूती एवं नई तकनीकी के साथ पूरे प्रदेश में लागू किया गया है। श्री ए०के० शर्मा ने कहा कि रूफटॉप सोलर पावर के माध्यम से अब उपभोक्ता सौर ऊर्जा के उत्पादन में रूचि दिखाएंगे। साथ ही उनके द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली को यूपीपीसीएल द्वारा निर्धारित दर पर खरीदा जायेगा और उपभोग से अधिक बिजली से उपभोक्ता को इसका लाभ भी दिया जायेगा।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने महापौर को पत्र लिखकर परिषदीय स्कूलों में साफ सफाई की मांग की

लखनऊ। जिले के परिषदीय विद्यालयों में मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई थी। उनका मानना था कि इस अभियान में शिक्षक, बच्चे एवं अन्य स्टाफ मिलकर अपने विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। इतना ही शिक्षकों और अभिभावकों को उन्हें प्रेरित करने के लिए जापान के विद्यालयों में चलने वाले स्वच्छता कार्यक्रम की फिल्मों के कुछ वीडियो भी अध्यापकों के व्हाट्सएप पर खूब शेयर किए गए थे जिससे स्कूलों में छात्र–छात्राओं और उनके माता–पिता, शिक्षकों और समुदाय के प्रति सम्मान की भावना को विकसित किया जा सके। साथ ही विद्यालय परिवेश की समग्र स्वच्छता के प्रति उनमें नैतिक जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित किया जा सके। इस संबंध में शासन से आदेश भी जारी कर दिशा–निर्देश भी जारी किया गया था। जिसे स्कूलों ने लागू भी किया मगर फिर भी कुछ अधिकारियों और कुछ अभिभावकों के चलते ये योजना सफलता प्राप्त नहीं कर सकी..और बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में बच्चों से सफाई कराने के मुद्दे पर विपक्ष ने सदन मे सरकार को घेरा। सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने सफाई देते हुए कहा था कि स्कूलों में सफाई का कार्य ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी ही करते हैं। मगर उनकी इस बात में कितनी सत्यता ये मंत्री जी या स्कूल के अध्यापक ही जानते हैं.. लेकिन नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के हालात तो और ही खराब हैं यहां सफाई के नाम पर नगर निगम के कोई भी कर्मचारी नहीं आता है यदि नगर निगम के अधिकारियों को अध्यापक फोन करके सूचित भी करते हैं तो अधिकारी भी सफाई कराने से साफ मना कर देते हैं.ऐसे में स्कूलों में सफाई और स्वच्छता का कार्य स्कूल के अध्यापक छात्र दोनों लोग मिलकर करते हैं जिस पर कुछ अभिभावकों को आपत्ति भी होती है या फिर अध्यापक अपनी जेब से स्कूल की शौचालय आदि की सफाई कराने




पर मजबूर होते हैं. इस स्थिति को देखते हुए कि परिषदीय स्कूलों की सफाई कैसे होगी..उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा महानगर लखनऊ ने महापौर संयुक्ता भाटिया को पत्र लिखकर परिषदीय विद्यालयों में साफ सफाई की व्यवस्था..की मांग की है. पत्र में संघ के द्वारा कहा गया है कि.. महानगर लखनऊ में नगर निगम के सीमान्तर्गत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुविधायें यथा शौचालय, मूत्रालय, मल्टीपल हैण्ड वाशिंग यूनिट, नल–जल सुविधा आदि कार्य कराये गए हैं। ये अवस्थापना कार्य विद्यालय परिवेश को स्वच्छ एवं छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य को ष्टिगत रखते हुए कराये गये हैं उक्त विद्यालयों में नियमित साफ–सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। नियमित साफ–सफाई की व्यवस्था न होने के कारण अवस्थापना सुविधाओं का समुचित लाभ छात्रों को नहीं मिल पाता है और उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन बेसिक शिक्षा अनुभाग –५ के शासनादेश संख्या– ६८– ५०९६/ ४३/ २०२२–५ दिनांक २७ जून २०२२ द्वारा शहरी क्षेत्र में अवस्थित परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता एवं साफ–सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने हेतु विद्यालय के परिसर एवं शौचालय/मूत्रालयों की क्रियाशीलता को बनाये रखने के लिए नगरीय क्षेत्र में नियुक्त सफाई कर्मियों द्वारा रोस्टर के आधार पर सफाई कराने हेतु आदेशित किया गया है। किन्त फिर भी सफाई कर्मचारी नहीं आते ऐसे मे संघ ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि शासनादेशानुसार शहरी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के परिसर में भी नियमित साफ सफाई की व्यवस्था कराने की कृपा करें, जिससे 'मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय' की अवधारणा को विकसित करके विद्यालयी परिवेश को स्वच्छ एवं छात्रों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं बेहतर परिवेश उपलब्ध कराया जा सके द्य अब देखना ये होग कि इस पत्र असर नगर निगम और महापौर पर कितना होता है।

# मामूली विवाद में साथी रिक्शा चालक की ईंट से सिर कूंचकर की हत्या

लखनऊ। मामूली विवाद में गुरुवार तड़के हजरतगंज में साथी रिक्शा चालक ने वृद्ध रिक्शा चालक की ईंट से सिर कूंच कर हत्या कर दी। हजरतगंज पुलिस आरोपी रिक्शा चालक गोसाईगंज निवासी शमसेर उर्फ छोटेलाल कोरी (५८) को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि गुरुवार सुबह हजरतगंज के क्राइस्ट चर्च के सामने मेन रोड पर मर्निंग वकर्स ने एक वृद्ध को खून से लथपथ देखा। उसके ऊपर कंबल ओढ़ाया गया था। मॉर्निंग वकर अकबर नगर निवासी संतोष कुमार चौहान की सूचना पर हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। आसपास के दुकानदारों की मदद से मृतक की शिनाख्त रिक्शा चालक इनामुल खान (६०) के रूप में हुई। घटना को लेकर पुलिस ने चर्च के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सुबह करीब ४:३० बजे साथी रिक्शा चालक शमसेर, इनामुल के सिर पर ईंट से कई वार करके वहां से भागता दिखा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इनामुल को गोसाईगंज के डालाखेड़ा स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के क्रम में शमसेर ने बताया कि इनामुल करीब २५ वर्ष से हजरतगंज क्षेत्र में रिक्शा चला रहा था। वह भी कई सालों से रिक्शा चला रहा था। दोनों के बीच करीब २० वर्ष से दोस्ती थी। दोनों एक साथ ही क्राइस्ट चर्च के सामने फुटपाथ पर सोते थे और साथ में शराब भी पीते थे। शराब न पिलाने और उसकी सवारियां बिठाने को लेकर कुछ दिनों पूर्व उसका इनामुल से विवाद हुआ था। गुरुवार तड़के भी दोनों नशे में धुत थे। इसी दौरान फिर से उसी बात को लेकर विवाद हो गया तो उसने ईंट से इनामुल के सिर पर कई वार कर दिये और मौके से भाग निकला।

# पूर्व सांसद जयाप्रदा को मिली जमानत

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर से पूर्व सांसद तथा अभिनेत्री जयाप्रदा को बगैर अनुमति के एक जनसभा आयोजित करने के मामले में बुधवार को स्थानीय एमपीएमएलए अदालत ने जमानत दे दी। इस मामले में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि जयाप्रदा रामपुर की एमपीएमएलए अदालत में हाजिर हुईं और जमानत की अर्जी दाखिल की, इस पर अदालत ने उनकी जमानत मंजूर कर ली। तिवारी ने बताया वर्ष २०१६ के लोकसभा चुनाव में जयाप्रदा भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी थीं और इस दौरान उन्होंने स्वार क्षेत्र में एक सड़क का उद्घाटन किया था जबकि कैमरी क्षेत्र में प्रशासन की अनुमति के बगैर जनसभा को सम्बोधित किया था, इन मामलों में उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किये गये थे। उन्होंने बताया कि कई बार



समन भेजे जाने के बावजूद जयाप्रदा अदालत में हाजिर नहीं हो रही थीं। इस पर अदालत ने २१ दिसंबर २०२२ को उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। पूर्व सांसद ने आज न्यायालय में समर्पण करते हुए जमानत की अर्जी दी। मामला जमानती था, लिहाजा उन्हें जमानत मिल गयी।

# कंझावला केस में ७वां आरोपी खुद चलकर पहुंचा थाने, किया सरेंडर

नई दिल्ली। दिल्ली के कंझावला केस में शुक्रवार को एक आरोपी ने सुल्तानपुरी थाने में सरेंडर कर दिया है। आरोपी का नाम अंकुश खन्ना बताया गया है। अंकुश इस एक्सीडेंट में आरोपी अमित का भाई है। गौरतलब है कि, दिल्ली की एक अदालत ने कार से २० साल की युवती को टक्कर मारने के बाद गाड़ी से १२ किलोमीटर तक घसीटने से हुई मौत के मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार ५ आरोपियों को गुरुवार को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। जानकारी में सामने आया है कि घटना के वक्त गाड़ी आरोपी अंकुश ही चला रहा था, लेकिन उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने के कारण उसने ड्राइवर के तौर पर दीपक का नाम सबके सामने



रख दिया। ताकि, खुद बच सके। अब अंकुश के सरेंडर करने से और भी कई बातों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कंझावला एक्सीडेंट को छठें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस आरोपी की पहचान आशुतोष के तौर पर हुई है। आशुतोष पर आरोप है कि उसने पांचों आरोपियों को कार दी थी। इससे पहले पुलिस ने दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया था। कंझावला केस में पुलिस की छानबीन में सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस को दो और लोगों एक आशुतोष और दूसरा अंकुश खन्ना की जानकारी भी मिली थी। ये दोनों आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे।

# फ्लाइट में महिला पर पेशाब, 50 की उम्र में घटिया हरकत

नई दिल्ली। एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला यात्री पर पेशाब कर फरार होने वाले शख्स का पता चल गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें कि, २६ नवंबर को न्यूयर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट के बिजनेस क्लास में आरोपी बिजनेसमैन ने एक महिला यात्री पर पेशाब कर दिया था। उस वक्त वह नशे में धुत बताया जा रहा था। आरोपी की पहचान शेखर मिश्रा के रूप में हुई है जो मुंबई में रहता है और एक बिजनेसमैन है। उसकी उम्र करीब ५० साल है। अब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि, इससे पहले एयरलाइन ने भी उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए ३० दिनों के लिए हवाई यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने महिला की शिकायत पर आईपीसी की धारा ५१०, ५०६, २६४, ३५४ और २३ के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए फ्लाइट में मौजूद क्रू मेंबर की भी डिटेल ली है। इस घटना के बारे में उनसे भी पूछताछ की जाएगी। कर्नाटक की रहने वाली महिला ने एयर इंडिया के प्लेन में खुद के साथ हुई इस शर्मनाक घटना की शिकायत टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से की थी। जिसके बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज की। महिला का आरोप है कि क्रू मेंबर्स से इसकी शिकायत करने पर भी उन्हें ठीक से रिस्पन्स नहीं मिला। इसके बाद उसने टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को लेकर पत्र लिखा।

# लेखपाल संघ ने अपनी मांगों को लेकर आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ०प्र० लखनऊ को लिखा पत्र

लखनऊ। लेखपाल संघ ने अपनी मांगों को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ०प्र० लखनऊ को लिखा पत्र ज्ञापन सौंपा। संघ की ओर से विनोद कुमार कश्यप, सुरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, राम पूजन, मनोज त्रिपाठी, विनोद यादव, मनीष, भगवान सहाय, मूलचन्द पटेल, आदि ने सौंपे ज्ञापन के माध्यम से लेखपाल संवर्ग की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार कश्यप ने अविलंब खसरे के फार्मध्प्रारूप प्रिंट आउट की मांग की तथा लेखपालों को उपलब्ध न कराए जाने के कारण खसरा फीडिंग कार्य बंद करने एवं तहसील दिवस के अवसर पर ज्ञापन कार्यक्रम करने को कहा गया। लेखपाल संघ ने पत्र के माध्यम से कहा है कि १४२८ फसली से खसरे के फार्म तहसीलों को उपलब्ध नहीं कराए गये है। लेखपालों ने पुरानें फार्म एक दूसरे से लेकर १४२८ फसली का खसरा तैयार किया था। फसली १४२६ का खसरा फार्म (प्रारूप प०क०३/ आर०सी०४) के अभाव में नहीं बनाया गया। आनलाईन खसरा फीडिंग में फसली १४२८ की फीडिंग १४२८ फसली के खसरे के अनुसार लेखपालों द्वारा प्राईवेट कम्प्यूटर आपरेटर्स को १० हजार से ३० हजार रूपये तक का भुगतान अपने वेतन से देकर करायी गयी है। फसली १४२६ की फीडिंग खसरा १४२८ में पूछताछ के आधार पर संशोधन करके करायी गयी है। खसरे के फार्म प्रिन्ट, निरन्तर मांग के बावजूद उपलब्ध नहीं कराये जा रहे है ३० अगस्त २०२२ को माद्व परिषद द्वारा अपने पत्रांक आर–२२४ ६७/१०५ (खसरा) २०२२ द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को खसरा प्रपत्र संख्या–४ (आरसी४क) का प्रिन्टआउट (कालम नम्बर १ से ४ तक की स्वतः भरी सूचनाओं सहित) तहसील से सम्बन्धित लेखपालों को उपलब्ध कराने के निर्देश निर्गत किये गये थे। किन्तु आज तक किसी भी जनपद में प्रिन्टआउट लेखपालों को उपलब्ध नहीं कराये गये है। खरीफ १४३० की पड़ताल का समय समाप्त हो चुका है। खसरे




के प्रिन्टआउट के अभाव में लेखपालों द्वारा खरीफ १४३० फसली की स्थलीय पड़ताल नहीं हो पायी है और तहसील अधिकारियों के द्वारा १४३० फसली की फसलों का ब्योरा आनलाईन फीडिंग करने का दबाव लेखपालों पर बनाया जा रहा है। फसली १४२६ आनलाईन खसरा फीडिंग में फसलों का विवरण त्रुटिपूर्ण फीड किया जाचुका है। किन्तु खसरा १४३० फसली के अनुसार अनेको किसानों को फसल बीमा योजना आदि लाभ राहत अनुमन्य किये जायेंगें, जिसके लिये फसलों का विवरण त्रुटि रहित होना आवश्यक है अन्यथा भविश्या में किसी भी प्रक्रियागत समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त मौके पर हदबरारी (मेढबन्दी), अवैध अतिक्रमण चिन्हान्कन, आदि भूमि विवाद निस्तारण हेतु स्थलीय जांच अथवा पैमाईश के समय खसरा प्रिन्टआउट (हार्ड कापी) अति आवश्यक है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि लेखपालों को फसली १४३० खसरा प्रिन्टा आउट (कालम नम्बर १ से ५ तक की स्वतः भरी सूचनाओं सहित) तथा फसली १४२६ खसरा का पूरा प्रिन्टआउट तहसीलों से लेखपालों को उपलब्ध करानें के पुनः निर्देश समस्त जनपदों को निर्गत करने की कृपा करें जिससे लेखपाल मौके पर जाकर १४३० फसली की पडताल नोट (अंकित) करने के बाद ऑनलाईन फीडिंग करा सके। प्रपत्र प्रिन्टआउट उपलब्ध कराये बगैर फसली १४३० खसरा ऑनलाईन फीडिंग हेतु अनावश्यक दबाव न बनाया जाये। बिना पड़ताल किये कोई भी लेखपाल फसली १४३० खसरा ऑनलाईन फीडिंग नहीं करायेगा। उन्होंने कहा एक वर्ष से बार बार पत्राचार एवं वार्ता एवं माद्व राजस्व परिषद के आदेश दिनांक ३०.०८. २०२२ के बावजूद आज तक तहसीलों से लेखपालों को खसरा प्रारूप प्रिंट एवं पिछले फसली वर्ष के खसरा रिपोर्ट का प्रिंट आउट लेखपालों को उपलब्ध नहीं करवाये जाने तक खसरा फीडिंग का कार्य स्थगित रखा जाए नहीं तो दिनांक ०७.०१.२०२३ शनिवार को तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी और उपजिलाधिकारी को उ०प्र० लेखपाल संघ द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।

# पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ पीड़ित पत्रकार ने एसपी को दिया प्रार्थना पत्र

**के. के. शुक्ला**

लखीमपुर–खीरी।निजी अस्पताल द्वारा अपशिष्ट पदार्थो को खुलेआम रास्ते की नालियों में बहाए जाने के सम्बन्ध में पीड़ित की पत्नी और मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और उल्टा पीड़ित पत्रकार पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया इससे परेशान होकर पत्रकार राम शंकर पांडे उर्फ रवि पांडे पुत्र रामखेलावन पांडे निवासी ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन मोहल्ला गोविंद नगर कालोनी कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी के द्वारा पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।पीड़ित पत्रकार ने बताया है कि उसके पड़ोस की गली में शुभ आदर्श हॉस्पिटल चल रहा है जिसके संचालक डॉक्टर अमित वर्मा पुत्र रमाकांत वर्मा निवासी शाहपुरा कोठी कोतवाली सदर के हैं। गली में हमेशा अस्पताल द्वारा गंदगी फैलाई जाती है एवं खून व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को खुले में बहाया जाता है और नालियों में पट्टी बोतल इत्यादि सामान खुलेआम डाला जा रहा था जिसमें मोहल्ले के काफी लोग बीमार हो चुके हैं इस संबंध में अस्पताल संचालक को काफी बार मोहल्ले के लोगों द्वारा बताया गया की गंदगी ना फैलाएं लेकिन उन्होंने किसी की बात नहीं सुनी,इसी बात को लेकर पीड़ित ने हिंदी दैनिक समाचार पत्र में खबर प्रकाशन कर दी और अन्य भी समाचार पत्रों में खबर का प्रकाशन हुआ जिसके बाद डॉक्टर अमित वर्मा पीड़ित के साथ रंजिश मानने लगे और ३ जनवरी २०२३ की शाम को डॉक्टर अमित वर्मा ने रवि पांडे को फोन करके अभद्र गलियां दी और गली में बुलाया,फोन पर दी गई धमकी की अडियो पीडित के पास मौजूद है।इसके बाद पीड़ित ने बताया कि घर पर करीब १५ से २० लोग आकर गंदी गंदी गालियां देने लगे और जब मैं बाहर निकला तो मुझे मारने लगे,शोर सुनकर मेरी पत्नी मुझे बचाने लगी तो उसको भी मारने लगे।किसी तरह मैं घर के अंदर गया और बच्चों के खिलौने वाला तमंचा रखा था उसे दिखाया तो वह लोग गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए जिसकी सीसीटीवी फुटेज मौजूद है।पीड़ित का कहना है कि पैरो में काफी चोट आई जिसके करण मैं कोतवाली नहीं पहुंच सका लेकिन घटना के बाद मेरी पत्नी पूनम पांडे सहित मोहल्ले के लोगों द्वारा कोतवाली सदर में ऊपरोक्त विपक्षियों के खिलाफ शिकायत की किन्तु शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई और अस्पताल के मालिक द्वारा दी गई शिकायत पर बिना जांच के पीड़ित के उपर उल्टा मुकदमा दर्ज कर दिया गया।पीड़ित ने ऊपरोक्त मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच करवाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है और अस्पताल संचालक के द्वारा बहाए जा रहे अपशिष्ट व गंदगी युक्त पानी के खिलाफ मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कार्यवाही कराने की मांग की है।

# नेहरू युवा केंद्र लखनऊ द्वारा आयोजित युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल समापन

लखनऊ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र लखनऊ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। जिसमें समापन दिवस के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय मंत्री लोकसभा सांसद कौशल किशोर जी रहे माननीय मंत्री जी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अच्छा लीडर बनने के लिए हमें स्वयं को पीछे रखकर दूसरों को मौका देना चाहिए व ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए, जिससे लोग आप पर विश्वास कर सके, इसके पश्चात माननीय मंत्री जी ने युवाओं को जीवन में कभी नशा न करने की शपथ भी दिलाई व युवाओं से अन्य लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाने को कहा व युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने हेतु उनका उत्साहवर्धन करते हुए नारा दिया



कि ष्खेल चला गांव की ओर, गांव चला ओलंपिक की ओरष कार्यक्रम के अगले सत्र में युवा नेता लक्ष्मण पुरस्कार व विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता रवि कांत मिश्रा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि स्वयं सेवा के साथ खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और प्रत्येक गांव में खेल का मैदान बनाने के लिए हमारी टीम सरकार के साथ काम कर रही है कार्यक्रम में सूचना विभाग के निदेशक मनोज कुमार वर्मा (आई०ए०एस०)ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गलत सूचना से समाज में सांप्रदायिक माहौल बन जाता है इसलिए हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि सूचना को पहले सही से चेक कर लें तत्पश्चात उसे आगे पहुचाएं और युवाओं को प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ना चाहिए सरकारी न्यूज चैनलों को भी देखना चाहिए जिससे उनको सही जानकारियां मिल सके। वहीं एकल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा नेता दुर्गेश त्रिपाठी ने युवाओं को खेल से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी। कार्यक्रम के समापन सत्र में लखनऊ महापौर संयुक्ता भाटिया जी ने पौध रोपण करते हुए कहां की देश के प्रत्येक युवा को राष्ट्र निर्माण में अपना शत–प्रतिशत योगदान देना होगा। तभी हम विश्व गुरु बनने का सपना साकार कर पाएंगे। वही कार्यक्रम में समाज सेवी प्रशांत भाटिया ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी द्वारा विश्व पटल पर भारतीय संसेंति को रखने तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए उनके विभिन्न योगदानों को कहानियों के माध्यम बताई। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र लखनऊ विकास कुमार सिंह ने सभी अतिथियों व युवाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को युवा मंडलों से जोड़कर उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारकर उन्हें राष्ट्र निर्माण तथा मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमेशा तत्पर है तीन दिवसीय कार्यक्रम में मंच का संचालन व कार्यक्रम की पूरी कमान मुख्य प्रशिक्षक रवि रावत ने सफलतापूर्वक निभाया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलदीप कुमार रावत,पिंकी गुप्ता,अमित आदि युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जी–२० सम्मेलन के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु २१ जनवरी को 'रन फॉर जी–२०' का होगा आयोजन

लखनऊ। प्रदेश के प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात ने बताया कि जी–२० सम्मेलन की मेजबानी भारत द्वारा ०१ दिसम्बर, २०२२ से ०३ नवम्बर, २०२३ के मध्य की जानी है। इस सम्मेलन में भारत राष्ट्र की अध्यक्षता में २०० से अधिक बैठकें होंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश में विभिन्न तिथियों में कुल ११ बैठकों का आयोजन लखनऊ, आगरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा में होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जी–२० की बैठकों हेतु चयनित जनपदों में जी–२० सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु २१ जनवरी, २०२३ को 'रन फॉर जी–२०' का आयोजन किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने लखनऊ, वाराणसी, आगरा एवं मेरठ के मण्डलायुक्त तथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा एवं गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारियों, लखनऊ, वाराणसी एवं आगरा के नगर आयुक्त एवं ग्रेटर नोयडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि जी–२० का आयोजन इन नगरों के एक अथवा एक से अधिक स्थानों पर भी आयोजित किया जा सकता है। आयोजन अलग–अलग श्रेणियों में जैसे कि महिला, पुरुष, छात्र, व्यवसायी, मीडिया आदि तथा अलग–अलग दूरी जैसे कि १००० मी०, २००० मी०, अथवा अधिक दूरी पर भी किया जा सकता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक



लोगों की प्रतिभागिता होनी चाहिए। यह कार्यक्रम एक या अधिक व्यक्तियों/कम्पनियों की स्पांसरशिप से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को टी–शर्ट, कैप इत्यादि, जिस पर जी–२० एवं स्वच्छ यू०पी० का लोगो/चिन्ह अंकित हो, के साथ–साथ प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र इत्यादि भी प्रदान किया जाये। कार्यक्रम में सुरक्षा, मार्ग–व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि का पूर्व आकलन कर लिया जाये तथा त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था तथा दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में मेडिकल व्यवस्था, एम्बुलेंस इत्यादि का पूर्व से आंकलन कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कार्यक्रम को भारत अभियान से जोड़ते हुये साफ–सफाई तथा सुन्दरीकरण के अभियान चलाये जाये। कार्यक्रम के उपरान्त साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए। इसके लिए समुचित व्यवस्था किया जाये। कार्यक्रम स्थल तथा दौड़ के मार्ग पर पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों की जोन/ सेक्टर में बांट कर पर्याप्त तथा समुचित ड्यूटी लगाई जाये। कार्यक्रम में यथा स्थान जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों को भी समुचित आदर देते हुये आमंत्रण देकर कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया जाये। उक्त आयोजन पर आने वाला व्यय भार स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के आई०ई०सी० मद से यथावश्यकता एवं नियमानुसार वहन किया जायेगा एवं प्रत्येक शहर हेतु उसकी अधिकतम सीमा रू० ३.०० लाख हो सकेगी।

## जी–२० की तैयारी को लेकर चला एलडीए का बुलडोजर

लखनऊ। जी–२० की तैयारी को लेकर शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। शहीद पथ की सर्विस लेन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त किए। यहां उपाध्यक्ष को निरीक्षण के दौरान पर अतिक्रमण मिला था। गुरुवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जोन–एक के जोनल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह पुलिस व पीएसी के साथ गोमती नगर विस्तार के सेक्टर पांच व छह पहुंचे। वहां अभियान चलाकर शहीद पथ की सर्विस लेन पर




सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण बुलडोजर से ध्वस्त किए। अरुण ने बताया कि बुधवार को उपाध्यक्ष ने शहर में होने वाले जी–२० सम्मेलन की तैयारी को लेकर शहीद पथ का निरीक्षण किया गया था। उस दौरान अतिक्रमण मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में दुकानें, गुमटी, ठेले व झुग्गी–झोपड़ी समेत ३६ अतिक्रमण ध्वस्त कर सड़कें खाली कराईं। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अवधेश कुमार, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद, सुभाष शर्मा, सुरेन्द्र द्विवेदी व गोमती नगर विस्तार थाने का पुलिस बल रहा।

# राहुल की यात्रा फिर हरियाणा पहुंची

कैराना/पानीपत। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा एक बार फिर हरियाणा पहुंच गई है। दिल्ली में नौ दिन के ब्रेक से पहले यात्रा राजस्थान से निकल कर हरियाणा पहुंची थी। ब्रेक के बाद अब उत्तर प्रदेश से होकर फिर से यात्रा हरियाणा पहुंची है और यहां से पंजाब में प्रवेश करेगी। इससे पहले राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा ने ढाई दिन में उत्तर प्रदेश में १३० किलोमीटर की दूरी तय की। शाम में जब यात्रा हरियाणा पहुंची तो वहां प्रदेश कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने सीमा पर हरियाणा के नेताओं को तिरंगा झंडा सौंपा और वहां से यात्रा आगे बढ़ी। इससे पहले गुरुवार की सुबह शामली के एलम से यात्रा शुरू हुई और कैराना पहुंची। यहां के ऊंचागांव में पांच घंटे तक रूकने के बाद करीब तीन बजे यात्रा फिर शुरू हुई। कैराना में राहुल को देखने के लिए हजारों लोग सड़कों पर इकट्ठा थे। राहुल ने हाथ हिलाकर कैराना के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उसके बाद हरियाणा बर्डर की ओर बढ़ गए। यमुना ब्रिज पर करीब आधे घंटे का ब्रेक लिया। इस दौरान राहुल ने यहां रयल रेस्टोरेंट में लोगों के साथ चाय पी। इसके तुरंत बाद आगे बढ़ गए। कांग्रेस महासचिव और संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने ऊंचागांव में प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि सोनिया गांधी की तबीयत ठीक नहीं है। इसलिए राहुल यूपी में यात्रा के दौरान रात में नहीं रूके, दिल्ली चले गए। इसके अलावा जयराम रमेश ने राहुल गांधी का हवाला देकर बताया कि २०२३ में पश्चिम से पूरब तक ऐसी ही यात्रा निकाली जाएगी। इस पर विचार हो रहा है। उन्होंने कहा– इसमें हम उन राज्यों में जाएंगे, जहां इस बार नहीं जा पाएं हैं। २६ जनवरी से २६ मार्च तक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। रमेश ने कहा– भारत जोड़ो यात्रा एक इवेंट नहीं, मूवमेंट है और ये चलता रहेगा।

## 15 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह

लखनऊ। जिले में १५ जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह होंगे। कार्यक्रम की तैयारी समाज कल्याण विभाग ने शुरू कर दी है। इस बार पहले से अधिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिले को नवंबर से मार्च तक ६७७ जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिला है। इसमें ५, ७ व ६ दिसंबर को कुछ ३३६ जोड़ों का विवाह हो पाया था, जबकि नगर व ग्रामीण इलाकों को दिया गया लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया था। विवाह कराने में नगर निगम पीछे रहा था, जो २५० जोड़ों के लक्ष्य के सापेक्ष ३७ जोड़ों का विवाह कराया पाया था। अब दूसरा चरण में १५ जनवरी को विवाह कराना तय हुआ है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता



सिंह ने बताया आवेदन व सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले कार्यक्रम का लक्ष्य भी ब्लॉक व नगर पंचायत, नगर निगम के पास है, वह भी पूरा करेंगे।

## ठंड बढ़ते ही शहर में बढ़ीं चोरी–लूट की वारदातें

लखनऊ। राजधानी में ठंड के बढ़ते ही लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। पर कड़ाके की इस ठंड में चोरों की जमकर चांदी कट रही है। दरअसल ठंड बढ़ते ही शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। घने कोहरे के बावजूद चोर बड़ी ही सफाई से बंद घरों, दुकानों और वाहनों को अपना निशाना साध रहे हैं। पिछले महज चार दिन में शहर में चोरी के कुल १६ मामले सामने आए हैं। यानी हर दिन औसतन पांच चोरियां हो रही हैं। सबसे अधिक घटनाएं पश्चिमी जोन और दक्षिणी जोन में हुई हैं। पश्चिमी जोन में सात और दक्षिणी जोन में पांच मामले प्रकाश में आए हैं। शेष सात मामले पूर्वी, मध्य और उत्तरी जोन के हैं। इनमें घरों में चोरी और वाहन चोरी के मामले शामिल हैं। इन दिनों राजधानी में आसपास के जिलों के कई चोर–लुटेरे गिरोह सक्रिय हैं। हाल ही में पुलिस ने लखनऊ पुलिस ने दो शातिर अंतर्जनपदीय चोर गिरोहों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक एटीएम चोर गिरोह और एक बंद घरों में व रोहगीरों से मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। चोर गिरोह के चार सदस्य मूलरूप से सीतापुर के रहने वाले हैं और शहर में मदेयगंज में किराये का मकान लेकर रह रहे थे। ये गिरोह चोरी के इरादे से ही लखनऊ में आकर रह रहे थे। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने मंथली क्राइम मीटिंग करते हुए सभी थाना प्रभारियों को शहर में बढ़ रही चोरियों के मद्देनजर कड़े निर्देश जारी किये हैं। एसबी शिरडकर ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि सर्दी बढ़ने पर चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। इसलिए चौकी स्तर पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। खासकर रात के समय बेहद मुस्तैदी बरती जाए। यूपी–११२ की सार्वजनिक जगहों पर तैनाती हो। सुबह के समय में पिंक बूथ पुलिस पार्क में मर्निंग वकर्स को लूट–छिनैती की घटनाओं को लेकर जागरूक करें और मुस्तैद रहें। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिया है कि बढ़ते चोरी–छिनैती व लूटपाट के मामलों को ध्यान में रखते हुए पुराने चोर–लुटेरों की लगातार मनिटरिंग की जाए। कोई भी घटना होने पर आसपास के इलाकों के पेशेवर चोर–लुटेरों को ट्रैक कर तत्काल पूछताछ की जाए।

## १०९० चौराहे पर स्टंटबाजी व बीयर की बोतलें फोड़ने वाले १० युवकों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। नव वर्ष के जश्न के दौरान १०६० चौराहे पर स्टंटबाजी और बीयर की बोतलें फोड़कर राहगीरों से अभद्रता करने वाले १० युवकों के खिलाफ गौतमपल्ली कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं बुधवार देर रात पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। जिनकी पहचान महानगर निवासी मो. इस्तियाक, तारिक और साहिल के रूप में हुई है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले की जानकारी देते हुए गौतमपल्ली कोतवाली प्रभारी सुधीर अवस्थी ने बताया कि गत ३१ दिसंबर की रात १०६० चौराहे पर कुछ युवक कार से स्टंटबाजी कर रहे थे। इसके बाद नशे में धुत युवकों ने बीच रोड पर बीयर की खाली बोतलें भी फोड़ी। राह चलते लोगों से अभद्रता भी की। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो में दिख रहे १० युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और बुधवार रात तीन युवकों को हिरासत में लेकर उनकी गाड़ी का चालान करते हुए सीज की गई। शेष युवकों की धरपकड़ का प्रयास जारी है।

# सीएम योगी से बोले सुनील शेट्टी- बंद कराएं #बॉय काट बॉलीबुड


लखनऊ। बॉलीवुड में अन्ना के नाम से मशहूर अभिनेता सुनील शेट्टी ने मुंबई में सीएम योगी के साथ निवेशकों की मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान अभिनेता सुनील शेट्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से साइबरस्पेस पर #बॉय काट बॉलीबुड ट्रेंड को रोकने में मदद करने का अनुरोध किया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी बुधवार को मुंबई के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों से मुलाकात की और यूपी की आगामी फिल्म सिटी में फिल्मों की शूटिंग करने के अवसरों पर चर्चा की। इस दौरान सुनील शेट्टी ने सीएम योगी से आग्रह किया कि वो प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी से बात करें और #बॉय काट बॉलीबुड ट्रेंड को रोकें। उन्होंने कहा, 'हम केवल अपराध या ड्रग्स के बारे में नहीं हैं बल्कि यह हम ही हैं जो अपने संगीत और कला से भारत को दुनिया में गौरवान्वित करते हैं। आज लोग सोचते हैं कि बलीवुड अच्छी जगह नहीं है, लेकिन हमने यहां कितनी अच्छी फिल्में बनाई हैं। मैं भी ऐसी ही एक फिल्म का हिस्सा था, जब मैंने बॉर्डर की थी। बैठक में सुनील शेट्टी के अलावा, रवि किशन, जैकी भगनानी, जैकी श्रॉफ, राजपाल यादव, सोनू निगम के साथ बोनी कपूर और सुभाष घई सहित अन्य हस्तियों ने भाग लिया।

# ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करेंगी अनन्या पांडे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे बहुत जल्द ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे जल्द ही



ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। अनन्या जल्द ही एक सीरीज में नजर आने वाली है। कहा जा रहा है कि अनन्या फिल्मकारकरण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही सीरीज का हिस्सा होंगी। इस वेब सीरीज का नाम कॉल मी बे होगा, जिससे अनन्या अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। करण जौहर ने ही अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर २ से अनन्या पांडे को लॉन्च किया था और अब करण जौहर की अनन्या पांडे को ओटीटी पर लॉन्च करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अनन्या पांडे इस वेब सीरीज में एक अरबपति फैशन ऑइकन का रोल प्ले करेंगी, जिसे एक घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से दूर कर दिया है। सीरीज कॉल मी बे का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं। अनन्या पांडे की आने वाली वेब सीरीज कॉल मी बे को ओटीटी प्लेटफर्म अमेजान प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

# एक्टर अक्षय कुमार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अक्षय ने आदित्यनाथ से यहां एक होटल में विकल्प है। इस मौके पर आदित्यनाथ ने कहा कि फिल्में जन जागरुकता पैदा करने तथा सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका



मुलाकात की। अभिनेता ने उनसे हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म श्रामसेतुश देखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश फिल्म सिटी के उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और वह नई फिल्म सिटी परियोजना को लेकर भारतीय फिल्म उद्योग में काफी उत्साह है। यह फिल्म सिटी हिंदी फिल्म उद्योग के लिए बेहतर निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म निर्माताओं को विषय का चयन करते समय सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना के मुद्दों का जरूर ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जल्द ही सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के साथ एक नई फिल्म नीति लागू करेगी, जिससे उत्तर प्रदेश की फिल्म सिटी विश्वस्तरीय होगी।

# बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी सन्नी देओल और रणबीर कपूर की फिल्म


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल और रणबीर कपूर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती हैं। सन्नी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर एक प्रेमकथा का सीक्वल गदर २ लेकर आ रहे हैं। अनिल शर्मा निर्देशित यह फिल्म ११ अगस्त को रिलीज होगी। वहीं, रणबीर कपूर की एनिमल भी इसी दिन रिलीज हो रही है। एनिमल में बॉबी देओल भी लोड रोल में है। इसी तरह सन्नी और बबी दोनों भाई के बीच भी क्लैश देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि गदर २ फिल्म इसी साल ११ अगस्त, २०२३ को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



गदर २ में में सनी के साथ अमीषा पटेल लीड रोल में है। वहीं संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं।

# मनोज बाजपेयी का ट्विटर का 'हैक', इंस्टाग्राम पर दी जानकारी


मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने शुक्रवार को बताया कि उनका ट्विटर खाता हैक हो गया है। बाजपेयी ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर यह जानकारी दी और अपने फॉलोअर्स से उनके ट्विटर खाते के बहाल होने तक उससे मिलने वाले किसी संदेश पर कोई प्रतिक्रिया न देने का आग्रह किया। बाजपेयी (५३) ने कहा कि मेरा ट्विटर खाता हैक हो गया है। उसके बहाल होने तक खाते से मिलने वाले किसी भी संदेश पर कोई प्रतिक्रिया न दें। उसे



बहाल करने की कोशिश की जा रही है। मैं आपको अद्यतन जानकारी देता रहूंगा। शुक्रिया। मनोज बाजपेयी जल्द ही फिल्म जोरम में नजर आएंगे। अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव रॉटरडैम (आईएफएफआर) २०२३ में इसका वर्ल्ड प्रीमियर किया जाएगा।

## गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में वांछित अभियुक्त हिमांशु गुप्ता की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज

लखनऊ। सीबीआई के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में वांछित अभियुक्त हिमांशु गुप्ता की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर



दिया है। हिमांशु गुप्ता केके स्पन पाइप प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है। कोर्ट ने प्रथम ष्टया अभियुक्त के अपराध को गम्भीर करार देते हुए कहा है कि यह मामला करीब २८५ करोड़ ६६ लाख रुपये के कार्य से सम्बंधित है। सीबीआई ने इस मामले में सिचाई विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता रुप सिंह यादव, कनिष्ठ सहायक राज कुमार यादव तथा ब्रांड ईगल लॉगिजन जेवी के वरिष्ठ सलाहकार बद्री श्रेष्ठा के साथ ही केके स्पन पाइप प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक हिमांशु गुप्ता व कविश गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। १७ फरवरी, २०२१ को दाखिल इस आरोप पत्र में मुल्जिमों को आईपीसी की धारा १२० बी सपठित धारा ४२०, ४६७, ४६८, ४७१ व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा १३ (२) सपठित धारा १३ (१) (डी) में आरोपित किया गया था। ३० नवंबर, २०१७ को सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। गोमती रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य से जुड़े मुल्जिमों पर दागी कम्पनियों को काम देने, विदेशो से महंगा सामान खरीदने, चौनलाइजेशन के कार्य में घोटाला करने, नेताओं और नौकरशाहों के विदेशी दौरे में फिजूलखर्ची करने सहित वित्तीय अनियमितता व मानक के अनुरुप कार्य नहीं करने के आरोप हैं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक